Hin I Sem I   LIBRARY   F.Y.B.A 24/11/17 3 to 6 page 2   Hin - I SEM - I   (25)

Q.P. Code :22747

[समय: ३ घंटे] [कुलअंक:१००]

Please check whether you have got the right question paper.

प्र .१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए- २४

१) कायदा पंसद और सलीके मन्द आदमी थे और अपने को नौकरी पेशा कहने में गर्व का अनुभव करते थे | कोई पूछे कि कहिए क्या काम करते है तो बजाय यह कहने के कि जजी में नकलनवीस हैं या तहसील में पंचायत क्लार्क हैं वे बड़े विनय से कहते है, " जी नौकरी पेशा आदमी हूँ |

अथवा

"क्या करें मैडम | दाढ़ी और मूँछ क्या , अपून का बस चले तो अपना भी नाम बदल दे |क्या रखा है नाम और मजहब में | मजहब के नाम पर दो जून की रोटी तो नहीं मिलती |

२) हमारे मुँह पर तो कालिख, ना पुत गई हुजूर | अब हम यह मुँह आप सबका कैसे दिखाब ? का कही, नजर तो नसाय गई मालिक ! कहता हुआ वह आहते के बाहर हो गया, बरसते पानी में भीगते हुए |

अथवा

वह 'जरनैल' चला आ रहा है, अपनी बगल में बेत दबाए हुए लेफ्ट - राइट करता हुआ "गांधीजी कहते हैं पाकिस्तान मेरी लाश पर ! मैं भी कहता हूं, पाकिस्तान मेरी लाश पर" !

प्र .2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- ३०

१) "भैरो पाण्डे के चरित्र की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए |

अथवा

टेपचू के जीवन संघर्ष का वर्णन कीजिए |

२) भाषा बहता नीर निबंध के माध्यम से लेखक के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालिए |

अथवा

राजा के चारो बेटो में से कौन राजगद्दी के लिए लायक सिद्ध होता है ? स्पष्ट कीजिए |

प्र .3 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए | १५

१) "परदा कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए |

२) दुर्योधन के चरित्र पर प्रकाश डालिए |

932EBF463941929CE437393033E1D49C

प्र .४ टिप्पणियाँ लिखिए- १६

१) बाकर |

अथवा

कोसल की आदिवासी - हरिजन बस्ती |

२) सरहद के उस पार रिपोतार्ज का सारांश |

अथवा

सरयू भैया का व्यक्तित्व |

प्र .५ निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए- १५

१) नौकरी पेशा कहानी के कहानीकार कौन हैं ?

२) चौधरी खानदान अपने मकान को किस रूप में पुकारते थे ?

३) बाकर किससे डाची खरीदता है ?

४) खारु बंजारे ने तीर - कमान से कितने भेड़िये मार गिराये ?

५) कर्मनाशा में आयी बाढ़ का दोषी गाँव वालों ने किसे माना ?

६) मीराज के बेटे का नाम बताइए |

७) टेपचू तालाब से क्या निकालना चाहता था ?

८) सवर्णों ने किस गाव के आदिवासी हरिजन परिवारों के साथ ज्यादती की ?

९) शंकर की बेटी का नाम बताइए|

१०) राजा के पहले बेटे ने कितनी सुवर्ण मुद्राए कमाई ?

११) द्रौपदी को जुए के दाव में किसने लगाया?

१२) नेपाल में किसे राजधर्म माना गया था ?

१३) 'आज के अतीत सें' किस विधा की रचना है ?

१४) लेखक भाषा को क्या मानकर वंदन करते हैं ?

१५) सरयू भैया को कर्ज देनेवाले साहूकार का नाम बताइए?

****